हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार, 18 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

11 पिछले साल दुष्कर्म के 111 मामले, सभी सुलझाए ...

12 आठ गांवों में किसानों के 'अरमान' जले, छह महीने ...


Farm House
44 फुट चौड़ी सड़के, सीवर व पानी लाइन, बिजली
अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करें : http://www.guptaproperty.in/
Kothi, Villa के लिये 300 गज के प्लाट
मात्र 20 लाख में
NOC ZONE
पक्की रजिस्ट्री
M. 8950904219
Gupta Property हिसार रोड NH 9 पर

## लोकसभा चुनाव: सांसद निधि खर्च करने को लेकर सांसद और राज्यसभा सदस्य आमने-सामने

# झूठ बोल रहे दीपेंद्र, सामने आकर दें सबूत, मैं दूंगा जवाबः अरविंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक लोकसभा उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में दीपेंद्र हुड्डा पर एक बार फिर निशाना साधा। अरविंद शर्मा ने कहा कि सांसद निधी को लेकर दीपेंद्र हुड्डा झूठ बोल रहे हैं। अरविंद शर्मा ने एक अखबार में छपी खबर दिखाई और चैलेंज दिया कि अगर दीपेन्द्र हुड्डा में हिम्मत है तो वह सामने आकर सांसद निधि व अन्य विकास कार्यों को लेकर आंकड़े प्रस्तुत करे, मैं उनका जवाब देने को तैयार हूं, अगर दीपेन्द्र हुड्डा अपनी बात सच साबित कर दे तो मैं राजनीति तक छोड़ने को तैयार हूं। सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने सांसद निधि को लेकर खर्च की गई राशि के आंकड़े दिखाए और कहा कि करीब पौने 17 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं और उनकी सांसद निधि में सिर्फ करीब 46 हजार रुपये ही बचे हैं। इस अवसर पर पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, सतीश नांदल, मनमोहन गोयल, रणबीर सिंह ढाका, कृष्णमूर्ति हुड्डा, शमेशर खरक, राजकमल सहगल, हरिओम भाली, ओमप्रकाश बागडी, मनोज मक्कड, सन्नी शर्मा, आशा शर्मा, दीपू नागपाल, उषा शर्मा, डिम्पल जैन और कुलबीर सिक्का मौजूद रहे।



रोहतक। रोहतक लोकसभा उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा पत्रकारों से रूबरू होते।

### दीपेंद्र को पता होनी चाहिए आचार संहिता

पत्रकारों से बात करते हुए अरविंद शर्मा ने एमडीयू द्वारा रद किए गए कार्यक्रम के आरोपों को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। कहा कि दीपेन्द्र हुड्डा चार बार के सांसद हैं, क्या उन्हें इस बात का नहीं पता कि आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी सरकारी भवन और शिक्षण संस्थान में कोई भी प्रत्याशी कार्यक्रम नहीं कर सकता।

### महम-हांसी रेलवे लाइन का काम हमने पूरा करवाया

महम-हांसी रेल में जबरदस्ती बैठे अरविंद शर्मा ने कहा कि महम-हांसी रेलवे लाइन का काम हमने पूरा करवाया। कांग्रेस सरकार में तो जमीन भी इक्वायर नहीं हुई थी। जब रेल चली तो दीपेंद्र हुड्डा जबरदस्ती उसमें बैठ गए। कांग्रेस अब इस रेलवे लाइन का क्रेडिट लेने की कोशिश कर रही है। पूर्व सीएम हुड्डा भी यह बताए कि उन्होंने दस साल मुख्यमंत्री रहते हुए गढ़ी-सांपला-किलोई क्षेत्र के लिए क्या विकास किया और कितने लोगों को नौकरियां दी हैं।

# सांसद निधि कहां खर्च की और कहां हुआ विकास, बताएं अरविंदः दीपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भाजपा सांसद अरविंद शर्मा ने दीपेंद्र पर सांसद निधि के झूठे आंकड़े प्रस्तुत करने का आरोप लगाया तो दीपेंद्र भी पीछे नहीं रहे। राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने पत्रकार वार्ता करके शर्मा पर जोरदार निशाना साधा। दीपेंद्र हुड्डा ने एक अखबार में छपी खबर को दिखाते हुए कहा कि सांसद निधि खर्च करने में अरविंद पीछे हैं। आंकड़ों को लेकर उन्हें आपत्ति है तो वे अखबार से जवाब मांगें या संसद से जवाब मांगें। बता दें की अखबार ने संसद की वेबसाइट से आंकड़े लेकर खबर प्रकाशित की थी। दीपेंद्र ने कहा कि भाजपा के सभी 10 सांसदों की कार्यशैली अच्छी नहीं रही, इसलिए कई का टिकट भी कटा है। जब से अरविंद रोहतक से सांसद बने हैं, इस क्षेत्र में कितना विकास हुआ यह सब जानते हैं। हमारी सरकार में बहादुरगढ़ तक आई मेट्रो एक इंच भी आगे नहीं बढ़ी। महम हांसी रेलवे लाइन का प्रोजेक्ट हमारा है, भाजपा इसका श्रेय ले रही है। शर्मा बताएं की सांसद निधि कहां खर्च की और कहां विकास हुआ है। ये चुनाव काम के आधार पर होना चाहिए, किसने कितना काम करवाया। जब हमारी सरकार थी तो 18 राष्ट्रीय स्तर के संस्थान इस क्षेत्र में आए।


रोहतक। राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा पत्रकारों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सांसद शर्मा से पुराने बयानों पर पक्ष स्पष्ट करने की मांग

दीपेंद्र हुड्डा ने रोहतक से सांसद अरविंद शर्मा से अपने पुराने बयानों पर पक्ष स्पष्ट करने की मांग की है। दीपेंद्र हुड्डा का कहना है कि करनाल से सांसद रहते हुए अरविंद शर्मा ने कांग्रेस सरकार के चहुंमुखी विकास की तारीफ की थी। वह खुद हुड्डा सरकार के दौरान हुए विकास कार्यों का बखान करनाल समेत पूरे हरियाणा में करते थे। लेकिन जब उन्होंने कांग्रेस छोड़ी तो आरोप लगाया कि दीपेंद्र हुड्डा ने सारे काम रोहतक में ही करवा दिए।

### हांसी-महम रेल लाइन की स्थापना कांग्रेस ने की

सांसद दीपेंद्र ने कहा कि जिस रोहतक-हांसी-महम रेल लाइन का क्रेडिट बीजेपी लेना चाहती है, इसकी स्थापना भी कांग्रेस कार्यकाल के दौरान हुई। बीजेपी के मुख्यमंत्री को तो इस रेल लाइन की फाइल तक नहीं मिल रही थी। दीपेंद्र ने बताया कि उन्होंने खुद ये फाइल को ढूंढकर मुख्यमंत्री तक पहुंचाई।

## शहर में आज

- नगर निगम की टीम डेयरी वालों की चेकिंग करेगी 9.30 बजे से
- नगर निगम द्वरा वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा
- पीजीआई में डॉक्टर और कर्मचारी काले बिल्ले लगाकर काम करेंगे सुबह 9 बजे से
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन सुबह 10 बजे से

## बिजली कट

- सुबह 9 से 12 बजे तक चिन्योट कॉलोनी, नेताजी नगर, कैनाल कॉलोनी, पटेल नगर, आईटीआई बूस्टर, मिगलानी पार्क में बिजली बंद रहेगी
- 10 से दोपहर 2 बजे तक फीडर बोहर की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी

## खबर संक्षेप

### परीक्षा देने गई छात्रा लापता, शिकायत दर्ज

रोहतक। बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में परीक्षा देने गई छात्रा लापता हो गई। थाना आईएमटी को दी शिकायत में एक युवक ने बताया कि 16 अप्रैल को वह अपनी बहन को साथ लेकर पेपर दिलाने के लिए बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में आया था। वह 12 बजे तक बाहर इंतजार करता रहा। लेकिन उसकी बहन वापिस नहीं आई। पुलिस ने युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### पीजीआई की पार्किंग से कार चोरी, केस दर्ज

रोहतक। पीजीआई की पार्किंग से कार चोरी होने का मामला सामने आया है। पीजीआई थाना पुलिस को दी शिकायत में हिसार निवासी संदीप ने बताया कि वह पीजीआई में रात को 9 बजे अपनी माता को भर्ती करवाया। इस दौरान पीजीआई की पार्किंग में मैंने अपनी कार को खड़ी किया था। रात को 11 बजे मैंने अपनी गाड़ी देखी तो खड़ी थी, इसके बाद मैं सुबह 6 बजे आया तो गाड़ी वहां नहीं मिली। इसके बाद कार चोरी की पुलिस को शिकायत दी।

### कमरे का ताला तोड़कर चोरी, केस दर्ज

रोहतक। डेहरी मोहल्ले में एक घर के अंदर कमरे का ताला तोड़कर चोरी का मामला सामने आया है। डेहरी मोहल्ला निवासी सुमित ने पुरानी सब्जी मंडी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि हम दोनों भाई व मेरी पत्नी सविता मेरे मामा के घर राम नवमी कार्यक्रम में भिवानी गए थे। वापस आए तो घर में रखे 1 लाख रुपये नहीं मिले है। पुलिस जांच शुरू कर दी है।

### झगड़े का बीच बचाव करने पर सिर फोड़ा

रोहतक। गांव सिंहपुरा कलां में झगड़े का बीच बचाव करने पर एक व्यक्ति के सिर पर ईंट से वार किया गया। घायल की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। थाना बहुअकबरपूर को दी शिकायत में प्रवीन निवासी गांव सिंहपुरा कलां ने बताया कि वह गांव से सिंहपुरा से शहर की तरफ जा रहा था। मैंने उनको समझाया तो बेटी के पति ने उसके सिर में ईंट मार दी, वह घायल हो गया।

## कई माह से अभियान चला रहा नगर निगम

# डेयरी संचालकों को थमाए नोटिस सीवर में गोबर बहाने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुराना बस अड्डा, कच्चा बेरी रोड, दुर्गा भवन के पास स्थित डेयरियों में गंदगी फैलाने और गोबर को सीवर व नालों में बहाने वाले लोगों पर कार्रवाई शुरू की गई है। इस दौरान निगम के अधिकारी न केवल उन्हें चेतावनी दे रहे हैं बल्कि नोटिस भी थमाए जा रहे हैं। टीम ने तीन डेयरी संचालकों को नोटिस थमाए हैं। इसके अलावा अन्य लोगों को गंदगी न फैलाने के लिए जागरुक किया जा रहा है। डेयरी संचालकों को सख्त हिदायतें दी गई हैं कि वे गोबर को बाहर न बहाएं। इसके अलावा आसपास साफ सफाई रखें, जो नहीं मानेगा उस पर सख्ती से कार्रवाई होगी। साथ ही उन्हें कन्हेली स्थित डेयरी कॉम्प्लेक्स में जल्द से जल्द शिफ्ट करने के लिए भी कहा जा रहा है। विगत दिनों संयुक्त आयुक्त विजय सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने डेयरियों का निरीक्षण किया था और डेयरी मालिकों को सफाई रखने के निर्देश जारी किए थे। इसके बाद से ही चालान किए जा रहे हैं। साथ ही एरिया में सीवर और नालों की सफाई करवाने के लिए निगम ने अतिरिक्त स्टाफ लगाया था। कई टैक्ट्रर ट्रालियों और जेसीबी की मदद से एरिया की साप सफाई करवाई गई ताकि सड़कों पर सीवर का पानी जमा न रहे।


रोहतक। डेयरी संचालकों को नोटिस थमाते हुए नगर निगम कर्मचारी।

# गांव चांदी में शादी से एक दिन पहले युवक लापता देर रात रोहतक से मिला

रोहतक। गांव चांदी निवासी एक युवक शादी से एक दिन पहले लापता हो गया। युवक की बुधवार को पानीपत में बारात जानी थी। जो घर से अपने गोदाम में आराम करने की बात कहकर गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने युवक की तलाश शुरू कर दी। इसके बाद परिजनों ने लाखनमाजरा थाना पुलिस में केस दर्ज करवाया गया। लाखनमाजरा थाना पुलिस के जांच अधिकारी सुरेंद्र ने बताया कि युवक रोहतक में मिल गया है। उससे बृहस्पतिवार को थाने में पूछताछ की जाएगी। गांव चांदी निवासी रविकांत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे दो भाई हैं। उसका एक बड़ा भाई करीब 29 वर्षीय गोल्डी हैं। जो हैंडीक्राफ्ट का काम करता है। उसके भाई गोल्डी की शादी 17 अप्रैल को पानीपत शहर में होनी निश्चित हुई थी। घर पर शादी की तैयारी चल रही थी। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल को उसका भाई गोल्डी दोपहर करीब ढाई बजे गांव चांदी के गोदाम पर गया था। रविकांत ने बताया कि उसके भाई गोल्डी का काफी समय तक इंतजार किया। लेकिन वह वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने उसे ढूंढने में लग गए और रिश्तेदारियों में तलाश किया। देर रात गोल्डी रोहतक से मिल गया।

## गैंगवार में महम के भिवानी स्टैंड पर मंगलवार को हुई थी वारदात

# गोलीबारी में मारे गए वजीर का निंदाना और बल्लू का किशनगढ़ में किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

मंगलवार दोपहर को भिवानी स्टैंड पर बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग में मारे गए दोनों बुजुर्गों का बुधवार शाम को अंतिम संस्कार किया गया। वजीर सिंह का निंदाना गांव और बल्लू नंबरदार का किशनगढ़ गांव में दाह संस्कार किया गया। हमलावरों को गिरफ्तार करने के लिए सीआईए की टीमें लगी हुई हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच को आगे बढ़ा रही है। आशंका जताई जा रही है कि यह वारदात गोधू गैंग ने की है। बताया जा रहा है कि गोधू गैंग का मुखिया गोधू मर्डर के एक मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद था और वह 15-20 दिन पहले कुछ दिन के लिए पैरोल पर या छुट्टी पर घर आया हुआ था। वह जींद में भाई के पास भी आया था।

■ गैंगवार में निंदाना गांव में अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी

पुलिस अनुमान लगा रही है कि यह गोधू ने ही अपने किसी साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया हो। निंदाना गांव में डीसी और गोधू दो गैंग बनी हुई हैं। अब तक इस गैंगवार के चलते गांव में 6 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि मंगलवार को किशनगढ़ गांव निवासी बल्लू की बेवजह हत्या कर दी गई। क्योंकि वजीर की हत्या करने आए बदमाशों ने फायरिंग की तो बल्लू भी गोलियों की चपेट में आ गया। कुल मिलाकर हत्याओं का आंकड़ा 7 तक पहुंच गया है।


महम। निंदाना गांव के श्मशान घाट में जलती वजीर सिंह की चिता।

## पहल | शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए निगम आयुक्त अजय कुमार ने चलवाया सफाई अभियान

# मेडिकल मोड़ से राजीव चौक तक चकाचक की गई सड़कें, कर्मचारियों से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम ने शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए अभियान तेज किया है। इसके तहत पहले चरण में दिल्ली रोड को चमकाया जा रहा है। इसके बाद अलग अलग वार्ड में सफाई होगी। अशोका चौक से मेडिकल मोड़ तक की साफ सफाई करवाई जा चुकी है।

बुधवार को निगम की टीम ने मेडिकल मोड़ से लेकर दिल्ली बाईपास राजीव चौक पर सफाई कार्य किया। इस दौरान मशीन और सफाई कर्मियों द्वारा सफाई करवाई गई। साथ ही निगम आयुक्त ने अब तक किए गए सफाई कार्य की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। हाल ही में निगम आयुक्त अजय कुमार ने अधिकारियों की मीटिंग ली थी। जिसमें उन्होंने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के कार्य में सुधार करने के लिए कहा। सफाई शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाए जाएं। उन्होंने शहर के प्रमुख सड़क मार्गों के अलावा हर वार्ड में बड़े स्तर पर सफाई करवाने के लिए भी कहा।



रोहतक। विशेष सफाई अभियान के दौरान कार्य करते हुए निगम कर्मचारी।

### 35 कर्मचारियों ने की सफाई

इसी कड़ी में टीम सुबह छह बजे मेड़िकल मोड़ पहुंची और सफाई करवाई। एक बजे तक राजीव चौक (दिल्ली बाईपास) तक कार्य करवाया गया। इस दौरान 35 कर्मचारियों, दो ट्रैक्टर ट्राली, दो स्वीपिंग मशीन, एक जेसीबी, 6 रेहड़ियो की मदद ली गई।



### गदंगी न फैलाएं, कूड़े को खुले में न डालें

आमजन से अपील की है कि वे गदंगी न फैलाए, कूड़े को खुले में न फेंके, कूड़े में आग न लगाए, सभी दुकान, संस्थान, रेहड़ी पर दो डस्टबीन गीले कूड़े व सूखे कूड़े के लिए अवश्य रखे, कूड़ा केवल नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले। सीवर, नालियों में गोबर न बहाए।
-अजय कुमार निगम आयुक्त

### संयुक्त आयुक्त को दी है जिम्मेदारी

निगम आयुक्त की तरफ से सफाई अभियान की निगरानी की जिम्मेदारी संयुक्त आयुक्त विजय सिंह को दी गई है। वे सफाई कार्य का निरीक्षण कर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं।

# 25 जगह बिजली चोरी पकड़ी 11.5 लाख जुर्माना लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


बिजली चोरी करने वालों पर शिकंजा करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की तरफ से मंगलवार रात को छापेमार की। इस दौरान बिजली निगम की टीमों ने कार्रवाई करते हुए 25 जगहों पर बिजली चोरी पकड़ी। इस दौरान बिजली कनेक्शन काटते हुए टीमों ने 11.30 लाख रुपये का जुमार्ना भी किया गया। बिजली निगम की आरे से 15 दिन में तीसरी बार बिजली चोरी पकड़ने का यह अभियान चलाया गया। अधीक्षण अभियंता का कहना है कि बिजली चोरी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। बता दें कि गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग भी बढ़ने लगी है। अधिकतर लोग एसी व पंखे तक को डायरेक्ट चोरी की बिजली से चला रहे हैं। चोरी की बिजली से खपत भी ज्यादा हो रही है। जिसके चलते शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बिजली के अघोषित कट लग रहे हैं। जिससे हर किसी को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में जिले में बिजली चोरी रोकने के लिए अधीक्षण अभियंता ने सभी कार्यकारी अभियंता व उपमंडल अभियंता को निर्देश दिए है।

### सुबह 5 बजे तक चली छापेमारी

अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार सुबह 5 बजे तक चली छापामार कार्रवाई के दौरान 25 जगहों पर बिजली चोरी पकड़ी गई। कर्मचारियों के साथ पुलिस कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस दौरान कुंडी कनेक्शन के जरिये बिजली चोरी करने वालों के सुबूत जुटाए गए। बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं पर करीब 11.30 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

# सुपर ब्रेकफास्ट है पौष्टिक दलिया

वैसे तो हर उम्र के लोग अपनी पसंद के अनुसार नाश्ता करते हैं। लेकिन दलिया एक ऐसा फूड आइटम है, जो हर उम्र के लोगों के लिए सुपर ब्रेकफास्ट की तरह होता है। इसमें मौजूद न्यूट्रिएंट्स और इसके सेवन से होने वाले फायदों के बारे में आपको पता होना चाहिए।



**डाइट सजेशन**
राजकुमार 'दिनकर'

हर उम्र के लोगों के लिए अलग-अलग तरह के फूड्स का महत्व होता है। जैसे, 50 प्लस लोगों के लिए ऐसा फूड अच्छा माना जाता है, जो पौष्टिक होने के साथ आसानी से डाइजेस्ट भी हो जाए। इस लिहाज से दलिया महज सुविधाजनक फूड भर नहीं है बल्कि 50 प्लस लोगों के लिए सुपर फूड की तरह है। वे इसे चाहे नाश्ते में खाएं या डिनर में, उनके लिए इसके फायदे ही फायदे हैं। अगर 50 साल से ऊपर की उम्र के लोग सुबह नाश्ते में दलिया लेते हैं, तो उनके लिए यह बहुत फायदेमंद होता है। दलिया के सेवन से वे दिन भर एनर्जेटिक महसूस करते हैं और दलिया को पचाना भी उनके लिए बहुत आसान होता है।



**सभी के लिए यूजफुल:** यह सोचना सही नहीं है कि दलिया सिर्फ बूढ़ों का ही भोजन है। दलिया हर उम्र के लोगों के लिए फायदेमंद होता है, क्योंकि इसमें भरपूर पोषक तत्व पाए जाते हैं। अगर आप युवा हैं लेकिन जरूरत से ज्यादा वजनदार हो गए हैं और वजन घटाना चाहते हैं तो आपके लिए भी दलिया का वही महत्व है, जो बूढ़ों के लिए है। दरअसल, दलिया में कैलोरी कम पाई जाती है, जबकि प्रोटीन और आयरन की मात्रा काफी ज्यादा होती है, इसलिए यह हेल्दी तरीके से वजन कम करने में मदद करती है।

**फाइबर का भंडार:** दलिया में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो पेट को लंबे समय तक भरे होने का एहसास देता है। दलिया का फाइबर एक उत्कृष्ट किस्म के रेचक का काम करता है यानी, यह मानव आंतों के साथ-साथ मानव शरीर के पाचन तंत्र में जो विषाक्त पदार्थ अपशिष्ट के रूप में मौजूद होते हैं, उन्हें यह अपने साथ लपेटकर मल के रास्ते से बाहर करता है। इस तरह दलिया पेट की बहुत अच्छी तरह से सफाई कर देता है। यह सफाई इसमें फाइबर होने से होती है।

**मांसपेशियां बनाए मजबूत:** दलिया में मांसपेशियों को न सिर्फ मजबूत बल्कि उनकी वृद्धि की भी क्षमता होती है, क्योंकि दलिया में भरपूर मात्रा में प्रोटीन होता है। साथ ही कई विटामिनों का भी यह स्रोत होता है। जाहिर है, इससे मांसपेशियों के निर्माण में मदद मिलती है। दलिया में मैग्नीशियम और आयरन भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो हीमोग्लोबिन की कमी पूरा करने के साथ मस्तिष्क के सही विकास के लिए जरूरी है। चूंकि दलिया में पाया जाने वाला मैग्नीशियम हमारी नसों को शांत रखने और स्वस्थ रखने में मददगार है, इसलिए रात के समय दलिया खाने से बेहतरीन नींद आती है।

**कैल्शियम-विटामिन ई का भंडार:** दलिया में फास्फोरस, मैग्नीज जैसे पोषक तत्वों के साथ-साथ भरपूर मात्रा में कैल्शियम भी पाया जाता है। जिस वजह से यह न सिर्फ हमारी हड्डियों को मजबूत बनाता है बल्कि इन्हें चिकना भी रखता है। इस कारण असमय होने वाले कई तरह के जोड़ों के दर्द से आप बचे रहते हैं। दलिया में प्रोटीन भरपूर होने के कारण यह मेटाबॉलिज्म की दर बढ़ाता है, नतीजतन ज्यादा कैलोरी बर्न होती है।

**यह ब्रेन फूड भी है:** डाइट एक्सपर्ट्स और प्रोफेशनल डाइटीशियन के अनुसार, दलिया एक ब्रेन फूड है, क्योंकि इसके नियमित सेवन से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और जब भी हम किसी काम में खुद को लगाते हैं तो हमारी काम की गुणवत्ता बेहतर होती है। दलिया में मैग्नीशियम पाया जाता है और विटामिन-ई भी भरपूर मात्रा में होता है। मैग्नीशियम की वजह से शारीरिक दर्द में आराम मिलता है, वहीं विटामिन-ई हमारी त्वचा को मजबूत बनाने में मददगार होता है। कह सकते हैं दलिया सुपर फूड है। किशोर, नौजवान या किसी भी उम्र का व्यक्ति दलिया का सेवन करे, यह सबके लिए फायदेमंद है। *

**डॉक्टर्स एडवाइस**


विश्व भर के लोगों में लिवर हेल्थ के प्रति अवेयरनेस बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल 19 अप्रैल को वर्ल्ड लिवर डे मनाया जाता है। लिवर रोगों की गंभीरता, सही समय पर जांच कराने और रोकथाम के बारे में लोगों को शिक्षित करने की दृष्टि से वर्ल्ड लिवर-डे खास महत्व रखता है। आइए इस लेख में स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा जानते हैं कि लिवर से जुड़ी हुई प्रमुख समस्याएं कौन-कौन सी हैं, इनके लक्षण क्या हैं और लिवर के स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए किस तरह की सावधानियां बरतने की जरूरत है-

स्पेशलः वर्ल्ड लिवर-डे, 19 अप्रैल

अनहेल्दी फूड हैबिट्स, इनएक्टिव लाइफस्टाइल और हेल्थ को लेकर लापरवाही बरतने की वजह से लोगों में लिवर रिलेटेड प्रॉब्लम्स बढ़ने लगी हैं। इस पर ध्यान ना देने से पूरा बॉडी सिस्टम बिगड़ जाता है और कंडीशन सीरियस भी हो सकती है। इसलिए बहुत जरूरी है कि आप उन वजहों के बारे में जानें, जिससे लिवर प्रॉब्लम्स होती हैं। साथ ही इसके लक्षणों और बचाव के उपायों के बारे में भी यहां बता रहे हैं।

# बढ़ रही हैं लिवर रिलेटेड प्रॉब्लम्स बचाव के लिए रहें कॉन्शस








### लिवर रिलेटेड मेन डिजीजेज

लिवर से रिलेटेड कई तरह की प्रॉब्लम्स पूरी दुनिया के लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रही हैं। इस बारे में नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट एंड क्लीनिकल लीड-गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी एंड हेपेटोलॉजी, **डॉ. शिवानी देसवाल** कहती हैं, 'वैश्विक स्तर पर मुख्य रूप से, लिवर कैंसर और सिरोसिस गंभीर रूप से लोगों को प्रभावित करता है। सिरोसिस लिवर का एक गंभीर घाव होता है, जो सॉफ्ट और हेल्दी टिश्यूज को हार्ड टिश्यूज में बदल देता है। यह रोग इंफेक्शन, हृदय रोग या लगातार आघात से लंबे समय तक सूजन के कारण हो सकता है। ये लिवर कैंसर के लिए भी प्रमुख रिस्क फैक्टर माना जाता है। सिरोसिस से अलग लिवर कैंसर में लिवर के अंदर असामान्य और अस्वस्थ कोशिकाओं की वृद्धि होने लगती है। हेपेटोसेल्यूलर कार्सिनोमा, लिवर में होने वाले कैंसर का सबसे कॉमन प्रकार है। इसके अलावा लिवर में फैट जमा हो जाने के कारण फैटी लिवर की समस्या भी बढ़ जाती है। यह समस्या शराब से संबंधित फैटी लिवर (एएलडी) या नॉनअल्कोहोलिक फैटी लिवर रोग (एनएएफएलडी) हो सकता है। अकसर लिवर में वायरल संक्रमण भी हो जाता है, जिससे लिवर में लालपन और सूजन आ जाती है। यह हेपेटाइटिस वायरस, हेपेटाइटिस- ए, बी, सी, डी और ई के कारण हो सकता है, जिनमें से हेपेटाइटिस-ए और बी को तो वैक्सीनेशन से रोका जा सकता है लेकिन हेपेटाइटिस-सी, सिरोसिस और हेपेटोसेल्यूलर कार्सिनोमा लिवर कैंसर का कारण भी बन सकता है। अगर इन बीमारियों का सही समय पर उपचार न किया जाए तो बाद में ये लिवर फेलियर का कारण भी बन सकती हैं। इसलिए इन रोगों के लक्षण नजर आने पर देर नहीं करनी चाहिए और जल्द से जल्द डॉक्टर से कंसल्ट करने के बाद ट्रीटमेंट करवाना चाहिए।'



### लिवर रोगों के प्रमुख लक्षण

लिवर में होने वाले विभिन्न रोगों के लक्षणों के बारे में पूछे जाने पर धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली के सीनियर कंसल्टेंट-मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, **डॉ. महेश गुप्ता** बताते हैं, 'लिवर रोगों के सामान्य लक्षणों की बात की जाए तो शुरुआती स्तर में आपको पीलिया हो सकता है, जिसमें आंखें और त्वचा पीली दिखाई देने लगती हैं। त्वचा में खुजली होना, पेट में सूजन और दर्द महसूस होना भी लिवर रिलेटेड प्रॉब्लम के सिंप्टम्स हो सकते हैं। साथ ही टखनों और पैरों में सूजन आ जाना, यूरिन करते समय यूरिन का रंग गहरा पीला प्रतीत होना, लंबे समय तक थकान महसूस होना, मितली या दस्त आना, स्टूल का रंग हल्का होना और भूख न लगना जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। ज्यादातर लिवर रोगों में जल्दी कोई संकेत या लक्षण नहीं दिखाई देते हैं, इसलिए अपने शरीर में होने वाले बदलावों पर ध्यान देते रहें और अगर आपको कोई भी लक्षण लगातार महसूस हो तो बिना लापरवाही किए तुरंत फिजिशियन या गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉक्टर से संपर्क करें। लिवर रोगों की पुष्टि के लिए डॉक्टर लिवर फंक्शन टेस्ट, कंपलीट ब्लड काउंट, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड और लिवर बायोप्सी का सुझाव दे सकते हैं। रोग की पुष्टि के बाद लिवर रोगों का उपचार लिवर की क्षति और बीमारी की कंडीशन को देखते हुए किया जाता है। इस बात का ध्यान रखें कि लिवर संबंधी रोगों में उपचार जल्द से जल्द शुरू होना सबसे जरूरी होता है।'



### सही खान-पान का रखें ध्यान

लिवर के अनहेल्दी होने की वजहों और हेल्दी डाइट की इंपॉर्टेंस के बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली में चीफ-गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड हेपेटोलॉजी, **डॉ. मोनिका जैन** डिटेल में बताती हैं। उनके अनुसार, 'जिस प्रकार से एक गाड़ी में सबसे महत्वपूर्ण भाग इंजन होता है, ठीक उसी प्रकार से हमारे शरीर में सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक लिवर होता है। यदि आप लिवर के स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते तो इसका असर पूरे शरीर पर पड़ता है। लिवर खराब होने के कई कारण हो सकते हैं। जैसे, आजकल बढ़ता मोटापा इसका प्रमुख कारण है। इस कारण लिवर में सूजन होती है और फैटी लिवर होने लगता है। यदि इस पर ध्यान न दिया जाए तो आगे चलकर एकमात्र ट्रीटमेंट ऑप्शन लिवर ट्रांसप्लांट ही बचता है। आजकल लोग दवाइयों का अधिक सेवन कर रहे हैं, जिसका बुरा असर भी लिवर पर पड़ता है। इसलिए दवाइयों का सेवन बहुत ही सावधानी पूर्वक और कम करना चाहिए। फालतू की दवाइयों का सेवन अपने मन से ना करें, जब जरूरत हो तभी डॉक्टर से सलाह लेकर ही करें अन्यथा ना करें। इसके अलावा हमारे शरीर में कुछ ऑटोइम्यून प्रोसेसेस होते हैं, जिससे लिवर खराब होता है। इससे बचने के लिए शुरुआती स्तर पर ही ध्यान देने की आवश्यकता है। जब लिवर डिजीजेज के लक्षण पहचानने में अधिक लेट हो जाता है तो अंतिम विकल्प लिवर ट्रांसप्लांट ही बचता है।' *

प्रस्तुतिः सेहत डेस्क

### लिवर डिजीज से बचने के उपाय

**अगर आप** कुछ बातों का ध्यान रखें और डाइट, लाइफस्टाइल से जुड़ी गलतियां ना करें तो लिवर डिजीजेज से काफी हद तक बचे रहेंगे।

- शराब के सेवन से दूर रहें।
- हेपेटाइटिस बी और सी की स्क्रीनिंग समय-समय पर करवाना बहुत जरूरी है।
- हेपेटाइटिस वैक्सीनेशन भी करवा सकते हैं।
- संक्रमित भोजन और पानी का सेवन ना करें।
- अगर आपको डायबिटीज है तो इसके लेवल को नियंत्रित रखना चाहिए।
- अपने मोटापे पर कंट्रोल करना चाहिए। इसके लिए अपने खान-पान में फैट या कार्बोहाइड्रेट रिच फूड्स का सेवन कम करें।




- अपनी डाइट में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाएं।
- एक्सरसाइज को अपने डेली रुटीन में शामिल करें। इससे लिवर पर अच्छा असर पड़ता है। आपके लिवर का फैट भी एक्सरसाइज के माध्यम से धीरे-धीरे कम होता है।
- अगर आपके लिवर से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। *

**घरेलू औषधि/ संजीव कुमार आलोक**

# कई रोगों से बचाए गेहूं के जवारे का रस

अपने देश में अधिकांश लोग मुख्य भोजन के रूप में गेहूं का प्रयोग करते हैं। गेहूं के पौधे में ऐसे कई गुण होते हैं, जो हमें स्वस्थ रखते हैं। वनस्पतिविदों द्वारा किए गए गेहूं के रासायनिक विश्लेषण से यह ज्ञात हुआ है कि इस पौधे में अन्य वनस्पतियों की तुलना में अधिक शक्तिवर्धक, रोगनाशक गुण मौजूद होते हैं।

**जवार सेवन के फायदेः** गेहूं के छोटे पौधे को 'जवार' के नाम से जानते हैं। इस पौधे का रस निद्रानाश, पांडुरोग, चर्म रोग, एलर्जी, जोड़ों के दर्द, प्रदर रोग, बालों का असमय गिरना, कैंसर, आर्थराइटिस, मोटापा, जुकाम, पीलिया और पथरी आदि रोगों में प्रभावी दवा है। यदि हम इसके रस का निरंतर सेवन करें, तो अनेक रोगों से बचा जा सकता है।

**ऐसे उगाएं जवारेः** गेहूं के पौधे की प्राप्ति के लिए छोटी पतीली में शुद्ध जल लें और उसमें अच्छी किस्म के 100 ग्राम गेहूं डाल दें। इन्हें रात भर भीगने दें, फिर दूसरे दिन पतीली का पानी निकाल कर रात भर भीगे गेहूं को किसी साफ कपड़े में बांधकर रख दें। उस पर कोई बर्तन अवश्य ढंक दें, जिससे कपड़े की आर्द्रता बनी रहे और गेहूं के बीज अंकुरित होने लगें। फिर खाली डिब्बों, मिट्टी के छोटे गमलों, टोकरियों या 10-12 इंच लंबाई वाले किसी पात्र में अच्छी गोबर खाद से युक्त मिट्टी (तीन चौथाई मिट्टी और एक चौथाई खाद होनी चाहिए) भरकर पूर्व अंकुरित बीजों को बो दें। इसी प्रकार प्रतिदिन अंकुरित हुए गेहूं की एक-एक मिट्टी के पात्र में बोते चले जाएं।



**रस निकालने का तरीकाः** सामान्य वातावरण में छः या आठ दिन में गेहूं का पौधा 7-8 इंच तक की लंबाई प्राप्त कर लेता है। अब आप इन पौधों को इसी अवस्था में उनकी सतह से काट लें, क्योंकि इस लंबाई से बड़े पौधे रस के लिए उपयुक्त नहीं रह जाते। कटे हुए पौधों को शुद्ध जल से धो लें, फिर उन्हें सिलबट्टे पर चटनी की तरह महीन पीस डालें। अंत में महीन सत्व को जल में मिलाकर रस तैयार कर लें। इसके लिए आप सिलबट्टे या मिक्सी का प्रयोग कर सकते हैं।

**रस का सेवनः** सेवन करने के लिए रस की मात्रा आयु पर निर्भर करती है। स्वस्थ व्यक्ति के लिए प्रायः 4 औंस (1 औंस यानी 28.35 ग्राम) रस का सेवन सही होता है। रोगियों के लिए इसकी 12 औंस की मात्रा उपयुक्त होती है। रस का सेवन करने से पूर्व उसके एक घंटे बाद तक कुछ खाना-पीना ठीक नहीं होता है। यह रस शरीर में उत्पन्न कई दोषों को दूर करने में सक्षम होता है। वैसे तो इसका सेवन सभी के लिए फायदेमंद होता है लेकिन फिर भी सेवन से पहले किसी आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य कर लें। *

आमतौर पर गर्मी के मौसम में लोग फ्रिज का ठंडा पानी पीते हैं। लेकिन आयुर्वेद के अनुसार मिट्टी के घड़े में रखा हुआ पानी पीने से शीतलता का अहसास तो होता ही है, यह पानी कई तरह से शरीर के लिए फायदेमंद भी होता है। इस बारे में विस्तार से जानिए।

# स्वास्थ्य के लिए लाभकारी मिट्टी के घड़े का पानी



**सजेशन**
डॉ. माजिद अलीम

आयुर्वेद के मुताबिक पीने के लिए मिट्टी के घड़े में रखा पानी सबसे अच्छा होता है। इसके कई सेहत संबंधी फायदे हैं। मसलन यह पेट में गैस, कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याओं को नियंत्रित करता है। साथ ही मिट्टी के घड़े में कई घंटों तक रखे गए पानी में विटामिन बी ओर सी भरपूर मात्रा में होता है, जो कि शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए जरूरी हैं। मटके का नियमित तौर पर पानी पीने से शरीर में आयरन की कमी भी पूरी हो जाती है। मटके का पानी जब हम पीते हैं तो हमें लू लगने की आशंका कम होती है, क्योंकि मटके के पानी में कई तरह के मिनरल्स और पर्याप्त पोषक तत्व होते हैं, जिस कारण ये सन स्ट्रोक को रोकता है और शरीर में पर्याप्त मात्रा में ग्लूकोज को बनाए रखता है।


**कई तरह से फायदेमंद :** मटके का पानी शरीर को ज्यादा समय तक हाइड्रेट रखता है, जिससे हमारी पाचन प्रक्रिया दुरुस्त रहती है। चूंकि निरंतर मटके का पानी पीने से हमारे मेटाबॉलिज्म में सुधार होता है, इसकी वजह यह भी है कि मिट्टी के घड़े में रखा हुआ पानी हमारे शरीर के पीएच लेवल को संतुलित रखता है। मटके के पानी की एक और खासियत यह होती है कि यह शरीर को अच्छी तरह से डिटॉक्स करता है। इसके अंदर मौजूद पोषक तत्वों के चलते हमारे शरीर से बहुत आसानी से विषैले तत्व बाहर निकल जाते हैं। त्वचा रोग विशेषज्ञ लोगों को गर्मियों में मटके का पानी पीने की सलाह देते हैं, क्योंकि इससे शरीर की त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनी रहती है। वजह यही है कि इसमें विटामिंस और मिनरल्स काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होते हैं।

**पीएच लेवल करे बैलेंस :** चूंकि मिट्टी के घड़े का नेचर क्षारीय होता है, इसलिए यह पानी के अम्लीय तत्वों को नॉर्मल करने का काम करता है। इसे पीने से शरीर का जो सामान्य पीएच लेवल 7.35 से 7.45 के बीच चाहिए होता है, वही रहता है। जब हम नियमित तौर पर मटके का पानी पीते हैं तो शरीर के पीएच लेवल को मेंटेन रखता है।

**दर्द-सूजन से दिलाए राहतः** मिट्टी में एंटी इंफ्लेमेट्री तत्व पाए जाते हैं, इसलिए शरीर में होने वाले दर्द और सूजन को रोकने में इससे मदद मिलती है। इस तरह मटके का पानी पीने के बहुत फायदे हैं। *

**हेल्थ सजेशन**
डॉ. एल. तोमर
सीनियर डायरेक्टर-ऑर्थोपेडिक्स
मैक्स सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली

# फिटनेस से जुड़े मिथ कितने सच-कितने झूठ



वर्कआउट स्वस्थ जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा है। हेल्दी और एक्टिव रहने के लिए लोग कई तरह के फिटनेस ट्रेंड अपनाते हैं। इसके लिए लोग कई तरह के नियमों का पालन करते हैं। आमतौर पर लोग फिटनेस से जुड़े कई मिथकों को सही मानते हैं, लेकिन एक्सपर्ट की राय इससे अलग है।

**इसलिए फैलता है भ्रमः** न्यूयार्क के लीमैन कॉलेज में एक्सरसाइज साइंस के प्रोफेसर ब्रैड स्कोनफेल्ड के अनुसार, फिटनेस की दुनिया गलतफहमियों से भरी हुई है। इसके लिए जिम्मेदार हैं सोशल मीडिया के फिटनेस इंफ्लुएंस और अनट्रेंड जिम ट्रेनर्स, जो लोगों में कई तरह के भ्रम पैदा कर रहे हैं। यहां दिए जा रहे हैं, फिटनेस से जुड़ी कुछ ऐसी धारणाएं, जिनमें से कुछ सही हैं, तो कुछ गलत भी साबित होती हैं।

**वर्कआउट से पहले लंबी स्ट्रेचिंग जरूरीः** यह सही है कि अगर वर्कआउट से पहले स्ट्रेचिंग न की जाए तो इससे शरीर की मांसपेशियां सिकुड़ जाती हैं, इससे मसल टियर यानी मांसपेशियों में इंजरी की आशंका बढ़ जाती है। इससे बचाव के लिए वर्कआउट से पहले स्ट्रेचिंग जरूर करनी चाहिए इससे मसल इंजरी से बचाव होता है।

**मसल्स बनाने के लिए भारी वजन उठाना जरूरीः** जो लोग नियमित रूप से जिम जाते हैं, उनके मन में यह धारणा विकसित हो जाती है कि मसल्स बनाने के लिए भारी वजन उठाना जरूरी है। लेकिन, मांसपेशियों की वृद्धि का अध्ययन करने वाले डॉ. ब्रैड स्कोनफेल्ड कहते हैं, 'कई शोध यह बताते हैं कि चाहे आप 30 किलोग्राम जैसा भारी वजन उठाएं या 5 से 12 किलो जैसे हल्के वजन उठाएं, मांसपेशियों और ताकत के निर्माण में दोनों ही बराबर प्रभावी होते हैं। यह व्यक्तिगत पसंद का मामला है कि आप कितना वजन उठाना चाहते हैं। बेहतर यही होगा कि अचानक ज्यादा वजन उठाने के बजाय धीरे-धीरे कम से ज्यादा वजन की ओर बढ़ें और अपनी क्षमता के अनुसार ही वजन उठाएं। वेट लिफ्टिंग का कार्य हमेशा कुशल जिम ट्रेनर के निर्देशों के अनुसार ही करना चाहिए।'

**ज्यादा दौड़ने से घुटने खराब हो जाते हैं:** यह धारणा गलत है। ऐसा माना जाता है कि ज्यादा दौड़ने से ऑस्टियोआर्थराइटिस की समस्या हो जाती है, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। वैज्ञानिक डॉ. गोल्डमैन के अनुसार पहले लोगों में यह गलत धारणा प्रचलित थी कि घुटने कार की टायर की तरह होते हैं, जिस तरह ज्यादा कार चलाने से टायर खराब हो जाते हैं, वैसा घुटनों के साथ भी होता है। लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। दरअसल, हमारा शरीर गतिशील होता है और हमारे जोड़ खुद को पुनर्जीवित कर सकते हैं, खासतौर पर जब हम नियमित रूप से सक्रिय रहते हैं। नियमित रूप से दौड़ने से हमारे घुटनों के कार्टिलेज मजबूत हो जाते हैं इसलिए ज्यादा दौड़ने से घुटने खराब नहीं होते, लेकिन यह बहुत जरूरी है कि अचानक ज्यादा दौड़ने के बजाय नियमित रूप से धीरे-धीरे दौड़ने की गति बढ़ानी चाहिए।

**प्रतिदिन 10 हजार कदम चलना आवश्यक :** 1960 से यह मिथ प्रचलित है, जब एक जापानी घड़ी निर्माता ने बड़े पैमाने पर पैडोमीटर का उत्पादन किया था। उस पैडोमीटर का नाम था 10 थाउजेंड स्टेप्स पैडोमीटर। उसके बाद से यह मिथक पूरी दुनिया में लोकप्रिय हो गया, लेकिन अमेरिकन काउंसिल ऑफ एक्सरसाइज के अध्यक्ष सेड्रिक ब्रायंट एक साल पहले इसे गलत साबित कर चुके हैं। उनका कहना है कि लगातार 4 हजार कदम चलना भी पर्याप्त है, 10 हजार कोई जादुई नंबर नहीं है। अगर पांच दिनों की एक्सरसाइज के साथ रोजाना साढ़े सात हजार कदम चला जाए तो यह काफी होगा। *

प्रस्तुतिः विनीता

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

खबर संक्षेप

## शिविर में 330 लोगों ने करवाई आंखों की जांच

**रोहतक।** जिला परिषद वार्ड 10 के गांव गरनावठी में सोमवार को आंखों का कैंप आयोजित किया गया। जिला पार्षद जयदेव डागर और समाजसेवी नवीन अहलावत डीघल ने बताया कि कैंप में 330 लोगों ने आंखों का चेक अप करवाया और सभी को फ्री चस्मे और दवाईयां वितरित की गई। इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय में 24 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया। साथ ही हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ प्रवीन ने लोगों को फ्री दवाईयां दी।

## चोरी की वारदात में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने गाडी चोरी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है। एवीटी प्रभारी सतीश ने बताया कि सेक्टर-1 निवासी विनोद ने शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच में सामने आया कि विनोद ने अपनी गाड़ी अपने घर के आगे खडी की थी। सुबह के समय विनोद को शीशे के टुकडे बिखरे हुए मिले व गाडी गायब मिली। जांच के दौरान 16 अप्रैल को आरोपी तरुण निवासी हाल शिवाजी कॉलोनी आजादगढ़ व साहिल निवासी उतम नगर दिल्ली को गिरफ्तार किया गया है।

### एसपी ने की क्राइम मीटिंग में समीक्षा, अधिकारियों को कहा, ब्लाइंड मर्डर सुलझाएं

# पिछले साल दुष्कर्म के 111 मामले, सभी सुलझाए इस साल अब तक 20 केस दर्ज चिंता का विषय

■ सीसीटीएनएस पोर्टल पर सभी शिकायतों को अपलोड करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने बुधवार को पुलिस द्वारा पूरे साल में किए गए काम की समीक्षा की। बेहतर काम करने वालों को सम्मानित भी किया गया और सामान्य पुलिस वालों को हिदायत दी गई। एसपी ने हर थाने और सीआईए स्टाफ के काम का बारीकी से आंकलन किया।

दरअसल पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में क्राइम मीटिंग को लेकर बैठक हुई थी। इसमें जो आंकडे.पेश किए गए वे चौकाने वाले थे। 2023 में दुष्कर्म के 111 मामले और 2024 में अब तक 20 मामले दर्ज हुए हैं। पुलिस ने त्वरित एक्शन लिया और सभी मामलें हल हो चुके हैं। वहीं पोक्सो के 2023 मे 103 व इस साल 4 माह मे 24 मामले दर्ज हो चुके हैं। छेडछाड़ की धाराओं के तहत 2023 मे 137 व इस साल अब तक 26 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें से ज्यादातर मामलें हल हो चुके हैं। एसपी ने निर्देश दिए कि थानों में आने वाली सभी शिकायतों को सीसीटीएनएस पोर्टल पर अपलोड करें। शिकायत दर्ज करने के बाद सीसीटीएनएस जनरेटिड स्लिप शिकायतकर्ता को दें।

आमजन मित्र कक्ष में जाकर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। इसके अलावा एसपी ने विशेष निर्देश दिए कि ब्लाइंड मर्डर केस को ट्रेस करने के लिए साइबर सैल व सीआईए स्टाफ की मदद लें। एसपी ने यह भी कहा कि जिन मामलों में आरोपी फरार चल रहे हैं, उन्हें जल्द गिरफ्तार करें।

हिमांशु गर्ग ने बताया कि 2023 में रोहतक में हत्या के 59 मामले किए गए, जिनमे से 54 मामलों को हल करके आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। 2024 में अब तक 14 मामले हत्या के दर्ज हो चुके हैं, जिनमे 9 मामलों को सुलझा लिया गया है। 2023 में हत्या के प्रयास के 59 मामले दर्ज हुए थे, जिनमे 54 मामले हल किए गए। 2024 में 19 मामले दर्ज हुए जिनमे से 18 मामले हल किए गए हैं। एसपी ने हिमांशु गर्ग ने बताया कि 2023 में लड़ाई-झगड़े के 619 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें से 593 हल किए गए। इस साल 147 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें से 138 मामलों को हल किया जा चुका है।

### इन्हें सम्मानित किया

पुलिस अधीक्षक द्वारा सराहनीय कार्य करने वाले प्रभारी थाना, मालखाना मोहर्र व संबंधित स्टाफ को सम्मानित किया गया है। प्रभारी थाना शहर रोहतक निरीक्षक कुलदीप सिंह, प्रभारी थाना अर्बन एस्टेट निरीक्षक सतपाल, प्रभारी थाना शिवाजी कॉलोनी निरीक्षक प्रदीप, प्रभारी थाना सदर निरीक्षक मुरारी लाल व प्रभारी थाना सांपला निरीक्षक सुलेन्द्र व उनके थाना के स्टाफ को सम्मानित किया गया है। संबंधित प्रभारी थाना द्वारा अलग-2 मापदंड़ों में अच्छा कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया है।

### सात दिन में हो गिरफ्तारी

लडाई-झगड़ें के मामलों में अभियोग दर्ज होने के सात दिन के अन्दर-2 तथ्यों की जांच पूर्ण कर आरोपियों को गिरफ्तार करें। उन्होंने कहा कि मारपीट के मामलों में 24 घंटे के अंदर-2 एफआईआर दर्ज करें। लड़ाई झगड़े का कोई भी मामला 30 दिन से ज्यादा लम्बित न हो। स्नैचिंग आदि के मामलों में गिरफ्तार हुए आरोपियों की शिनाख्त परेड अवश्य कराएं ताकि आरोपी के खिलाफ पुख्ता सबूत हासिल हो सकें।

### ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रवि खुंडिया, उप पुलिस अधीक्षक महम संदीप, उप पुलिस अधीक्षक सांपला राकेश, उप पुलिस अधीक्षक विरेन्द्र, उप पुलिस अधीक्षक विवेक कुंडु, उप पुलिस अधीक्षक रजनीश, उप पुलिस अधीक्षक सदर विधानंद, उप पुलिस अधीक्षक कलानौर राजीव, सभी प्रभारी थाना/चौकी, सभी प्रभारी सीआईए स्टाफ व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बच्चों ने लिया बहुरूप पोशाक स्पर्धा में भाग

■ श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल सैनिक विद्यालय में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



अस्थल बोहर स्थित श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल सैनिक विद्यालय में दुर्गा अष्टमी और नवमी पर्व के उपलक्ष्य में विद्यालय में श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता व बहुरूप पोशाक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा छठीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक ग्रुप कैप्टन सुरेंद्र मोहन शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुरेंद्र सिंह व उप प्राचार्या अंजू मलिक ने की। इस प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की तैयारियां अध्यापिका मीनाक्षी शर्मा, निधि बल्हारा, रेखा व अध्यापक अनिल के द्वारा करवाई गई। श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं की कैडेट राखी ने प्रथम स्थान और लविका ने द्वितीय स्थान हासिल किया। बहुरूप पोशाक प्रतियोगिता में सातवीं की कैडेट नूपुर ने प्रथम और कैडेट दीपिका ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कैडेट्स को निदेशक ग्रुप कैप्टन सुरेंद्र मोहन शर्मा के द्वारा सम्मानित किया गया। निदेशक ग्रुप कैप्टन सुरेंद्र मोहन शर्मा ने बताया कि नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर संधि काल समाप्त होने के अंतिम 24 मिनट और नवमी तिथि के शुरुआती 24 मिनट) में देवी दुर्गा ने प्रकट होकर असुर चंड और मुंड का संहार कर संसार की रक्षा की थी।

## रेलवे स्टेशन पर वाटर कूलर पंखे और लाइट की चालू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ गर्मियों में यात्रियों को नहीं होगी अब कोई परेशानी

रेलवे स्टेशन पर लगे सभी वाटर कूलरों से अब ठंडा पानी मिलना शुरू हो गया है। इससे गर्मी में ठंडे पानी के लिए परेशान होने वाले यात्रियों को काफी सुविधा हुई है। गर्मी शुरू होते ही ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को ठंडे पानी की जरूरत बढ़ गई थी। रेलवे स्टेशन पर लगे वाटर कूलरों की स्थिति अब सुधर चुकी है। गर्मी की शुरुआत होते ही स्टेशन पर रेलवे विद्युत विभाग ने सभी वाटर कूलर शुरू कर दिए हैं। अब जरूरतमंद यात्रियों के पैसे बच सकेंगें। अब यात्रियों को स्टेशन पर ही ठंडे पानी की सुविधा मिल जाएगी। साथ ही रेलवे स्टेशन पर सभी पंखे और लाइट भी चालू कर दिए है। गर्मी शुरू होते ही रेलवे स्टेशन पर सभी पंखे ठीक करवा दिए है। अब रात में सफर करने वाले यात्रियों को चोरी या किसी भी चीज का भय भी नहीं रहेगा। वहीं, लाइट खराब होने की वजह से यात्रियों को सामान चोरी का डर रहता था और महिला यात्रियों को सुरक्षा का भी डर रहता था। तीनों प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की सुविधा के लिए वाटर कूलर लगाए गए हैं। इन सभी वाटर कूलरों से ठंडा पानी मिलने से अब यात्रियों को पानी की परेशानी दूर हो गई है। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि रेलवे स्टेशन पर अब मॉनिटरिंग की जा रही है।

## रोप स्कीपिंग में छाए पठानिया के खिलाड़ी

■ 14 राज्यों से 300 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में नेशनल रोप स्कीपिंग प्रतियोगिता का आयोजन इंडियन रोप स्कीपिंग फैडरेशन द्वारा किया गया। जिसमें देश के विभिन्न 14 राज्यों से लगभग 300 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में 5 व्यक्तिगत व 3 टीम इवेंट्स का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा का नेतृत्व करते हुए पठानिया पब्लिक स्कूल के 9 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 4 स्वर्ण, 4 रजत एवं 1 कांस्य पदक प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता में जय मलिक, लोहिताक्ष, आयुष्मान, मितांश ने स्वर्ण पदक। दक्ष, नवजीत, मितांश एवं दीप ने रजत पदक एवं आयुष्मान नायक ने कांस्य पदक प्राप्त किए। चैंपियनशिप बालक-बालिकों ने 9 इवेंट्स में भाग लिया। जिसमें स्पीड होप, स्पीड़ प्रिंट, डबल अंडर, इंडोरेंशन, डबल डच फ्री स्टाइल व स्पीड एंड डबल अंडर रिले शामिल थे।

इस अवसर पर स्कूल कोच बुधवार ने बताया कि जल्द ही खिलाड़ी नेपाल में होने वाली साउथ एशियन रोप स्कीपिंग चैम्पियनशिप हिस्सा लेंगे और इसी प्रकार पदकों की झड़ी लगाएंगे। प्रतियोगिता के अंत में फेडरेशन प्रधान वर्षा बावा व नवनियुक्त महासचिव देवेश ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्राचार्या तन्वी पठानिया, उपप्रधानाचार्या सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी ने सभी बच्चों को बधाई दी।

## लाढ़ौत रोड पर पेयजल सप्लाई का समय बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

लाढ़ौत रोड स्थित कई कॉलोनियों में लोगों को पेयजल सप्लाई को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह तीन बजे के बाद पानी आता है जिसकी वजह से ज्यादातर लोग पानी नहीं भर पाते। इसके बाद शाम को साढ़े तीन बजे पानी की सप्लाई आती है, लेकिन वह काफी कम समय के लिए लिए आती है जिसकी वजह से लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग से पानी की सप्लाई की समय सीमा बढ़ाने की मांग की है। इस एरिया में ऋषि नगर, शास्त्री नगर, राजेंद्र नगर, बसंत विहार कॉलोनी आदि हैं। जिनमें हजारों की संख्या में परिवार रहते हैं। लोगों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शाम को पानी की सप्लाई ज्यादा समय के लिए करनी चाहिए ताकि लोग पर्याप्त पानी भर सकें। उनका कहना है कि इस वजह से काफी लोगों को वाटर कैंपर खरीदने पड़ते हैं। इससे पहले भी कई बार विभाग से शिकायत कर चुके हैं लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। कई बार गंदे पानी की सप्लाई की जाती है। विभाग को पानी की क्वालिटी में सुधार करना चाहिए।

## हुमायूंपुर और कंसाला में मतदान का महत्व बताया

**रोहतक।** आम चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के साथ स्वीप अभियान जारी है। गांव हुमायूंपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वीप अभियान के तहत स्वीप के साथ सेल्फी व अन्य गतिविधियां आयोजित की गई। विद्यालय की छात्राओं ने मतदाताओं को स्वीप के साथ सेल्फी के माध्यम से मतदान के महत्व को बखूबी समझाया। विद्यार्थियों ने मेरा वोट-मेरा भविष्य, एक मत का महत्व के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। महिलाओं ने भी सेल्फी अभियान के दौरान स्वीप के साथ सेल्फी लेकर मतदान में हिस्सा लेने का संकल्प लिया।

## सोनी समाज की सात हस्तियों को अजमीढ़ रत्न अवॉर्ड

**रोहतक।** महाराजा अजमीढ़ सुनार जन सेवा संस्थान की ओर से सोनी समाज जींद की सात विभूतियों को समाज सेवा में सराहनीय कार्यों के लिए अजमीढ़ रत्न अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान बाजरान मौहल्ला सुनार मार्केट जींद में सोनी समाज द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक सम्पर्क विभाग के रिटायर्ड डीआईपीआरओ सुरेन्द्र कुमार वर्मा कोथ ने की। उन्होंनें सोनी समाज के हितों के लिए मध्य प्रदेश की तर्ज पर हरियाणा स्वर्णकला बोर्ड अथवा आयोग का गठन करने, सुरक्षा एवं राजनैतिक भागीदारी सहित सामाजिक व आर्थिक विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने की भी सरकार से मांग की। यह कार्यक्रम समाज सेवी वैद्य सत्यप्रकाश आर्य के सानिध्य में हुआ।



**रोहतक।** सराहनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करते हुए आयोजक।

## संकट मोचन मंदिर में रामनवमी पर भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



### रामनवनी पर कन्या पूजन किया



**रोहतक।** गुरु नानकपुरा के श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में धूमधाम से रामनवमी मनाई गई। प्रधान ओमप्रकाश आहूजा और जतिन भाटिया ने बताया कि रामनवमी वाले दिन कन्या पूजन कराया। इसके अलावा भजन भी गए गए और प्रसाद वितरित किया।

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में बुधवार को चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को रामनवमी भक्तिभाव और हर्षोल्लास मनाई। कार्यक्रम में नवरात्रे के नौवें दिन मां दुर्ग की भी पूजा अर्चना की गई। साध्वी ने भक्तों संग मां जगदंबे के स्वरूप में आईं कन्याओं के चरण धोकर, हाथों पर रोली-मोली बांधकर, माथे पर तिलक, श्रृंगार का सामान देकर, उनकी पूजा व आरती की तत्पश्चात उन्हें छोले-पूरी-हलवा, नारियल का प्रसाद देकर माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर हवन, मंत्रोच्चारण व विधि-विधाननुसार से दुर्गा स्तुति पाठ का समापन, कन्याओं का पूजन, भजन प्रवाह, साध्वी के प्रवचन, कीर्तन, आरती तत्पश्चात भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में लाडलियां मां झंडेवाली मंडली ने डांडिया व भजनों की प्रस्तुतियों के बीच अपनी सुरीली आवाज में मां के भजन गाकर भक्तों को नाचने झूमने और भक्ति के रस में डूबोए रखा। मंडली द्वारा दुनिया चले ना श्रीराम के बिना, जो राम को लाएं हैं हम उनको लाएंगे, राम जी चले ना हनुमान के बिना, आज मैं नचना मैय्या दे द्वार मैंनू नच लेन दे, भक्तिमय भजन गाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। मानेश्वरी देवी ने प्रभु श्रीराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए भक्तों को रामकथा का रसपान कराया। उन्होंने कहा कि त्रेतायुग में चैत्र शुक्ल नवमी को भगवान राम का जन्म हुआ था।

## रामनवमी पर लगे भंडारे



**सांपला।** क्षेत्र में रामनवमी पर हवन पूजन व भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं घरों में कन्याओं का पूजन किया गया और उन्हें भोजन कराकर उपहार भी दिए गए। कस्बे में बाजार में भी रामनवमी के अवसर पर हलवे का प्रसाद बांटा गया। नेशनल हाईवे नंबर नौ टोल पर भंडारा लगाया गया। जिसमें राहगीर और आसपास की फैक्ट्री में काम करने वालों लोगों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी नितेश कुमार ने बताया कि इसमें कंपनी के कर्मचारी संघ का भी काफी सहयोग रहा। वहीं मंदिरों में भी श्री राम की पूजा अर्चना की गई। सुबह ही श्रद्धालु जल व प्रसाद लेकर मंदिर पहुंचे और दर्शन कर अपनी मन्नतें मांगी।

## भिवानी गया परिवार, चोरों ने घर कर दिया साफ

**रोहतक।** डेहरी मोहल्ले में दिन दहाड़े मकान से चोरी कर ली गई। चोर सामान सहित एक लाचा रुपये भी उड़ा ले गए। सुमित ने बताया कि वह और उसका भाई अमित एक ही मकान में रहते हैं। सुबह करीब 8 बजे हम दोनों भाई व मेरी पत्नी सविता मेरे मामा के घर राम नवमी प्रोग्राम में भिवानी गए थे। घर पर दोनों कमरों और मेन गेट पर ताले लगा कर गए थे। शाम करीब 5 बजे वापस घर आकर देखा तो मैन गेट लोहे पर ताला लगा हुआ था। ताला खोलकर हम अपने मकान में अंदर आए तो मेरे वाले कमरे का ताला टूटा हुआ मिला। हमने कमरे के अंदर देखा तो अलमारी खुली हुई मिली और अलमारी रखे कपड़े व अन्य सामान निचे फ्रश पर बिखरे हुए मिले। मेरे दिवान बैड को चैक किया तो बैड में बने लोकर को खोल कर चेक किया तो उसमें रखे 1 लाख रुपये गायब थे।

### मंदिर में किए थे 251 कलश स्थापित

# दुर्गा मां की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव पहरावर में दुर्गा मां के नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में समाज सेवी और उद्योगपति एलपीएस बोसार्ड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश जैन और रोहतक के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल ने शिरकत की। समाजसेवी राजेश जैन ने मंदिर के अधूरे कामों को पूरा करने के लिए विशेष आर्थिक सहायता भी प्रदान की है। शिव मंदिर और दुर्गा मां के मंदिर के प्रांगण में हवन के बाद देसी घी का भंडारा भी लगाया।

धार्मिक कार्यक्रम में पहरावर गांव के ग्रामीणों के अलावा दूर दराज के श्रद्धालुओं ने भी पूजा की। पहरावर स्थित प्राचीन शिवालय के साथ दुर्गा मां के मंदिर का निर्माण किया गया है। मंदिर के गर्भ गृह में दुर्गा मां की मूर्ति के साथ हनुमान और भैरव बाबा की मूर्ति की स्थापना की है। हवन के बाद मंत्र उच्चारण के बीच मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मंदिर प्रांगण में 251 ग्रामीण महिलाओं ने कलश स्थापित किए थे।



TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE

BHGYASHREE Bollywood Actors
DR. KAWATRA M. 9215161430
निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR (F) 4
COMPUTER OPERATOR (M) 4
PHARMACY STAFF 3
CHEMIST SHOP STAFF 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

CUET
ENGLISH | GENERAL TEST | DOMAN SUBJECTS
Join ENTRANCE PREPARATION
CLAT IPMAT DESIGN
BBA BCA LIBERAL
BJMC HOTEL MANAGMENT BA. B.ED
2 YEAR PROGRAM CRASH COURSE 1 YEAR PROGRAM TEST SERIES
Get SCHOLARSHIP upto 50%
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak 9215598698

**खबर संक्षेप**

## गांव गुढ़ान में मकान में लाखों की चोरी

**कलानौर।** कस्बे के गांव गुढान में चोरों ने एक मकान से लाखों के जेवर और कैश चोरी कर लिया। मकान मालिक ने शिकायत देकर केस दर्ज करवाया है। कलानौर पुलिस को दी शिकायत में भान सिंह निवासी गांव गुढ़ान ने बताया कि 16 अप्रैल की रात को वह पूरे परिवार के साथ घर पर सोये हुए था। रात को ही चोर घर के अन्दर दाखिल होकर घर के अंदर रखी अल्मारी के ताले तोड़कर सोने की चेन, अंगूठी, पायजेब, 15 हजार कैश और अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## गांव गिरावड़ से नकदी और जेवरात चोरी

**लाखनमाजरा।** कस्बे के गांव गिरावड़ से कैश और जेवर चोरी कर लिए गए। मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में कुलदीप सिंह निवासी गिरावड़ ने बताया कि वह 16 अप्रैल को परिवार के साथ सो रहे थे। रात 12 बजे एक व्यक्ति के चलने की आवाज सुनाई दी। उन्होंने बाहर निकल कर देखा तो युवक मकान से कूद कर भाग गया। वापिस कमरे में आकर देखा तो दस हजार कैश सहित सोने के जेवर नहीं मिले। पुलिस ने केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

## युवा कांग्रेस डॉक्टर सेल के चेयरमैन बने हर्ष कुमार



**रोहतक।** हरियाणा युवा कांग्रेस डॉक्टर सैल का चेयरमैन हर्ष कुमार को नियुक्त किया गया। नवनियुक्त चेयरमैन ने सांसद दीपेन्द्र हुड्डा से मुलाकात की। सांसद ने चेयरमैन को बधाई देते हुए चुनाव में जुट जाने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर डा. हर्ष ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई, वह पूरी ईमानदारी से उसका निर्वहन करेगे। साथ ही पार्टी कीनीतियों को भी जनजन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने अपनी नियुक्त पर पार्टीशीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हरियाणा युवा प्रदेश अध्यक्षदिव्यांशु बुद्विराजा, सागर

# आठ गांवों में किसानों के 'अरमान' जले, छह महीने की मेहनत स्वाहा

## लाखनमाजरा, बैंसी, बोहर, जसिया, सुनारियां, काहनौर, पहरावर और खेड़ी साध में जली फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक/महम

बुधवार को चली तेज हवाओं की वजह से लगी आग ने लाखनमाजरा, बैंसी में 20 एकड़, काहनौर में 8, बोहर और पहरावर में फसल अवशेष, जसिया में 1, सुनारिया में भी एक और खेड़ी साध गांव में खड़ी गेहूं फसल को लील लिया। एक साथ कई जगहों पर लगी आग ने दमकल विभाग को सांसें ऊपर नीचे कर दी। हालांकि अबकि बार विभाग ने महम, कलानौर, लाखनमाजरा और सांपला क्षेत्र में फायर बिग्रेड टीम को तैनात किया है। ताकि कोई भी घटना हो तो तुरंत दमकल टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाए। फसल कटाई को देखते हुए प्रशासन ने दमकम कर्मियों की छुट्टी भी रद कर दी हैं।





**महम।** लाखन माजरा में गेहूं के खेत में लगी आग को बुझाते दमकल केंद्र के कर्मचारी और नेशनल हाइवे 152 डी के साथ लगते खेतों में आग से जल चुकी गेहूं की फसल। फोटो: हरिभूमि

### किसानों और दमकलकर्मियों ने पाया काबू

किसानों ने दमकलकर्मियों के साथ मिलकर आग पर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। यदि किसान आग बुझाने का प्रयास नहीं करते तो नुकसान अधिक हो सकता था। बैंसी गांव में फरमाणा रोड पर भी एक किसान की डेढ़ एकड़ गेहूं की फसल आग की चपेट में आ गई। बैंसी के सरपंच अमन ने बताया कि उनके गांव में दो जगह आग लगी है। आग का पता लगने के बाद एक किसान अजय डबास का बेटा आ रहा था, लेकिन उसका बीच रास्ते में एक्सीडेंट भी हो गया। आग लगने के कारण किसानों को काफी नुकसान हुआ है। हालांकि फिलहाल आग पर काबू पा लिया। लाखनमाजरा थाना के एसएचओ समरजीत सिंह बताया कि बैंसी गांव के खेतों में आग लगने की सूचना मिली थी।

### राजा वाली गोहर के पास ईंख में भी आग

सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पा लिया है, लेकिन कई एकड़ की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। दमकल केंद्र महम के कर्मचारी नरेंद्र रांगी ने बताया कि राजा वाली गोहर के पास ईंख के खेत में भी आग लगी हुई थी। सूचना पर महम अग्निशमन केंद्र के कर्मचारियों ने वहां मौके पर पहुंचकर आग को काबू पाया। दमकल कर्मियों का मानना है कि शायद किसान ने वहां पर ईंख काटने के बाद बचे हुए ईंख के पत्तों में आग लगाई थी, जो आगे फैल गई। लेकिन इसमें न तो ईंख जला है और न ही अन्य नुकसान हुआ। यदि आग बुझाई नहीं जाती तो नुकसान अधिक बढ़ सकता था। कलानौर दमकल केंद्र में तैनात कर्मचारी नीरज सिंहमार ने बताया कि उनके इलाके में भी कई एकड़ जमीन में गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। नीरज ने बताया कि तेज हवा चलने और गेहूं पकने से पूरे रोहतक जिले में ही कई जगहों पर आग लगने की घटनाएं हुई हैं।

### 20 एकड़ गेहूं जला

लाखन माजरा और बैंसी गांव के रकबे में आग लगने से 20 एकड़ से अधिक जमीन में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग बुझाने के लिए रोहतक, महम और लाखन माजरा से दमकल की गाड़ियां पहुंची। बुधवार को दिनभर तेज हवाएं चल रही थी। दोपहर के समय आग की छोटी सी चिंगारी ने विकराल रूप ले लिया। यह चिंगारी कैसे पैदा हुई, इस बात का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। सरपंच संदीप ने बताया कि आग लगने से लाखन माजरा निवासी रणबीर सिंह और प्रेम सिंह पुत्र मुंशी की दो एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। बारू राम और हरिराम पुत्र फूल सिंह की पांच एकड़ गेहूं की फसल जल गई। इसी गांव के आजाद सिंह व सतबीर सिंह पुत्र कंवर सिंह की भी पांच एकड़ जमीन आग की चपेट में आ गई। उनके गांव के रोहतास और सुरेंद्र पुत्र रिसाल सिंह की डेढ़ में खड़ी गेहूं जलकर स्वाह हो गई। साथ ही बैंसी गांव निवासी अजय डबास की दो एकड़ और बैंसी में खेती कर रहे लाढौत गांव निवासी अशोक की भी दो एकड़ गेहूं की फसल जल गई। लाखन माजरा और बैंसी के रकबे में यह आग गोहाना रोड के साथ लगी हुई थी। जिसको बुझाने के लिए लाखन माजरा, बैंसी और खरैंटी गांव के काफी किसान जुटे।





## बोहर के निखिल ने जीता मुक्केबाजी में गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजीव गांधी स्थित राष्ट्रीय बॉक्सिंग अकादमी में हुई मुक्केबाजी प्रतियोगिता में गांव बोहर के निखिल ने 60 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। स्पर्धा खेलो इंडिया के तहत करवाई गई थी। कोच सतबीर ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इन्होंने कहा कि खेल को लेकर इनमें गजब का जज्बा है। ये एक दिन देश के लिए भी खेलेगा, ऐसी उम्मीद कोच की है। निखिल ग्याहरवीं का छात्र है।

## भैंसरू कलां के पहलवानों ने ओडीसा में जीते मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला



उड़ीसा में हुई राष्ट्रीय कॉमनबैट कुश्ती प्रतियोगिता में भैंसरु कला गांव के दो भाइयों ने मेडल जीतकर गांव का नाम रोशन किया है। बुधवार को उनके गांव पहुंचने पर ग्राम पंचायत द्वारा फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया। पहलवान जसवंत ने बताया कि उनके दोनों विनीत व वंश बेटों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। यह पदक हासिल किए हैं। इस मौके पर सरपंच सुनीता देवी, पहलवान ऋषि, बालकिशन, गोपाल कौशिक, राम अवतार, अशोक कौशिक, शिवकुमार ,जय सिंह व प्रीतम आदि ने स्वागत किया।

# रोडवेज महाप्रबंधक के खिलाफ कर्मचारियों ने की नारेबाजी

■ रोडवेज डिपो महाप्रबंधक पर पद का दुरुपयोग करने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ द्वारा रोडवेज डिपो महाप्रबंधक के खिलाफ शुरू किया गया धरना बुधवार को भी जारी रहा। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कर्मचारियों में भय का माहौल बना रहे हैं जबकि उनकी यूनियन शांतिपूर्वक ढंग से धरना दे रही है।

**कर्मचारियों में रोष :** पूर्व प्रधान दीपक हुड्डा ने आरोप लगाया कि अधिकारी कर्मचारियों के अधिकारों का हनन कर रहे हैं। जिससे टकराव की स्थिति बनी हुई है। इस आंदोलन का आज आठवां दिन है। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि बिना वजह से कर्मचारियों के तबादले कर उन्हें परेशान किया जा रहा था, जिसकी वजह से धरना शुरू किया गया। अभी तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया है जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।





रोहतक। 60-रोडवेज डिपों में धरना देते हुए कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

# काले बिल्ले लगाकर काम कर रहे कर्मचारी

## रोहतक पीजीआईएमएस की ओपीडी का समय बदलने के लिए की जा रही मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



■ बृहस्पतिवार को भी विरोध रहेगा जारी

पीजीआईएमएस की ओपीडी का समय नहीं बदला जा रहा। कई दिन से डॉक्टर और कर्मचारी काले बिल्ले लगाकर काम कर रहे हैं। समय नहीं बदला गया तो बृहस्पतिवार को भी विरोध जारी रहेगा। सभी कर्मचारी काले बिल्ले लगाकर ही अपनी ड्यूटी पर हैं। कुलपति से लेकर स्वासथ्य मंत्री तक ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन समय बदलन को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया है। डॉक्टरों समेत सभी कर्मचारियों की मांग है कि पीजीआई ओपीडी की टाइमिंग को दोबारा 8 से 2 की जाए। फिलहाल ओपीडी का समय 9 से 4 बजे तक किया गया है। इस बीच एक घंटे का लंच भी है। चिकित्सक एसोसिएशन, नर्सिंग एसोसिएशन और गैर शिक्षक कर्मचारी संघ समय बदलने के विरोध में है। सभी के प्रतिनिधियों का कहना है कि सरकार से वे ओपीडी के समय में बदलाव की मांग कर रहे हैं, लेकिन उसके बावजूद अभी तक सरकार की तरफ से उन्हें कोई आश्वासन नहीं मिला है। एमबीबीएस छात्र भी अब हमारे साथ जुड़ गए हैं। जब तक सरकार उनकी मांगे नहीं मानती तब तक वे काले बिल्ले लगाकर ही अपना कार्य करेंगे। ज्वाइंट एक्शन कमेटी के अनुसार यदि सरकार उनकी मांग पर जल्द ही विचार नहीं करती तो ऐसे में आने वाले दिनों में मरीजों को गर्मी के दौरान और ज्यादा परेशानी उठानी पड़ेगी वही उनका विरोध प्रदर्शन भी लगातार जारी रहेगा। सभी कर्मचारियों ने सरकार को मरीजों के हित में फैसला लेने का आग्रह किया था, लेकिन अभी तक सरकार द्वारा कोई भी संबंध में आश्वासन नहीं दिया गया है इसके चलते आज सभी ने काले बिल्ले लगाकर अपना कार्य किया है। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि सरकार उनके इस सांकेतिक विरोध को हल्के में ले रही है तो वह काफी गलत है, क्योंकि वे मरीजों के हित में कोई भी बड़ा कदम उठाने से पीछे नहीं हटेंगे।

## जरूरतमंद को राशन वितरित किया



**रोहतक।** सेक्टर 3 पार्क में समाजसेवी जगजीत सिंह नांदल ने 109 जरूरतमंद लोगों को राशन वितरित किया। उन्होंने लोगों को दो किलो तेल, दो किलो चीनी और दो किलो दाल वितरित की। इस मौके पर बलजीत सिंह, अनिष, रवि पोपली, अशोक नैन, सतबीर राणा, प्रकाश, अजमेर, सतीश, राजे पहलवान, दीपक कौशिक, मोहित नैन, तनिषा आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## 8440 मीट्रिक टन गेहूं की लिफ्टिंग, 80 प्रतिशत पड़ा मंडियों में, सरसों की खरीद लगभग पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सरसों की खरीद का कार्य लगभग पूरा होने को है। मंडियों में अब गेहूं की आवक तेज हो गई है। अगले 15-20 दिन में फसल की कटाई-कढ़ाई पूरी हो जाएगी। जिले से 41 हजार मीट्रिक टन से अधिक की खरीद अब तक की जा चुकी है। प्रशासनिक डाटा के मुताबिक जिले की विभिन्न मंडियों और खरीद सेंटरों से 41239 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा सकी है। लेकिन इसमें उठान मात्र 8440 का ही हुआ है। कुल खरीद का 70-75 फीसदी मंडियों में ही रखा हुआ है। इधर सरसों की खरीद का कार्य लगभग पूरा हो गया है। रोहतक व सांपला में सरसों की आवक बंद हो चुकी है। जबकि महम और कलानौर में अभी भी आवक जारी है। अगले चार-पांच दिन में कलानौर और महम के किसानों भी सरसों की बिक्री का कार्य पूरा कर लेंगे।

**ये है खरीद-फरोख्त:** जिले से अभी तक 41505.05 मीट्रिक टन गेहूं व 18948.82 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। कलानौर साइलो में 1539.19 मीट्रिक टन गेहूं, किलोई में 1523.80 मीट्रिक टन, मदीना में 265.20, महम मंडी में 3867.90 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी में 21506.31 मीट्रिक टन, सांघी में 3138.65 मीट्रिक टन तथा सांपला मंडी में 9664 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिला में 18948.82 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। इसमें से कलानौर मंडी में 5621.81 मीट्रिक टन, महम मंडी में 7155.38 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी में 1968.50 मीट्रिक टन तथा सांपला मंडी में 4203.13 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। जिला प्रशासन द्वारा सभी मंडियों या खरीद केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है।



■ विभिन्न राज्यों के चयनित 15 लड़के व 15 लड़कियों का कैम्प लगाया जा रहा

## फिनलैंड में 11 से 13 मई 2024 तक आयोजित होगी प्रतियोगिता

**रोहतक।** फिनलैंड में 11 से 13 मई तक लड़के और लड़कियों की वर्ल्ड फ्लोरबाल चैम्पियनशिप आयोजित की जाएगी। इसके भारतीय टीम का शिविर महाराजा अग्रसेन बैंक्वेट एवं रिसोर्ट सेक्टर 21 रोहतक में आरम्भ किया गया। हरियाणा फ्लोरबॉल असोसिएशन के महासचिव डॉ. दीपेन्द्र आर्य ने बताया की 22 अप्रैल तक चलने वाले राष्ट्रीय शिविर मैं विभिन्न राज्यों के चयनित 15 लड़के व 15 लड़कियों का कैम्प लगाया जा रहा है। भारत की टीम पहली बार वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भाग लेने जा रही है। इसलिए राष्ट्रीय कोच प्रिजो जोनि की देखरेख में दोनों टीम पसीना बहा रही हैं। कैंप शुभारंभ के मौके पर इन्डियन फ्लोरबाल फेडरेशन के प्रधान हरेन्द्र कुमार, राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सोनीपत जोगेंद्र हुडा, हरियाणा फ्लोरबऍल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सुरजीत नैन, इन्डियन फ्लोरबाल फेडरेशन के उपाध्यक्ष रविन्द्र चौथवे, चंडीगढ फ्लोरबाल एसोसिएशन के महासचिव सुशील शास्त्री,हरियाणा फ्लोरबाल असोसिएशन के उपाध्यक्ष सुभाष रुहिल, विकास डीपी, सुनिल, पुलकित वशिष्ठ उपस्थित रहे।

## खिड़वाली में ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

■ मृतक के परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने जांच शुरू

**रोहतक।** खिड़वाली में बुधवार को ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल है। मृतक के परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में रामकुवार निवासी खिड़वाली ने बताया कि वह शादीशुदा है। उसने भाई राजबीर का पुत्र अमित गोद लिया हुआ है। अमित व प्रदीप बाइक पर रोहतक जा रहे थे। वह भी उनके पीछे जा रहा था। बाइक को अमित चला रहा था। जब वे दोपहर को शिव भट्ठा खिड़वाली के पास पहुंचे तो भट्टे की तरफ से एक ट्रैक्टर ट्राली तेज गति में आई और अमित की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों को चोटें आई। उनको पीजीआई भर्ती कराया गया, जहां अमित की मौत हो गई। जबकि प्रदीप का उपचार चल रहा है।

## आमजन बाल विवाह निषेध अधिकारी, 181 व डायल 112 पर दे जानकारी

# बाल विवाह को लेकर अक्षय तृतीय पर प्रशासन अलर्ट

■ संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करन्दिर कौर ने सभी वर्गो से सहयोग के लिए अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



अक्षय तृतीय पर्व के मौके पर होने वाली शादियों पर प्रशासन की विशेष नजर है। इस मौके पर बाल विवाह भी होने की संभावना रहती है। ऐसे में प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि जिले में कोई बाल विवाह न हो। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करन्दिर कौर ने सभी वर्गों से अपील की है कि बाल विवाह जैसी कुरीति को मिटाने में आगे आएं। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम लड़के को नाबालिग माना जाता है।

18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के का विवाह करना संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है। इसके अलावा बाल विवाह की कोई कानूनी मान्यता नहीं है। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिन्दर कौर ने कहा कि ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, उसको बढ़ावा देता है या उस में सहायता करता है, उसको दो साल तक की कड़ी सजा और एक लाख रूपये तक का जुर्माना हो सकता है। बाल विवाह से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में कमी आती है। साथ ही बाल विवाह से बच्चों के उत्पीड़न व शोषण को बढ़ावा मिलता है। बाल विवाह भी एक तरह की हिंसा है जिसे समाज में जागरूकता व हस्तक्षेप से रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में बाल विवाह रोकने के लिए सघन अभियान चलाया गया है। जिसमें बाल कल्याण समिति,, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल कल्याण इकाई, एमडीडी आफ इण्डिया व वन स्टाप सैंटर के सहयोग से यह अभियान चलाया जा रहा है। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि रोहतक जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने में सहयोग करें। अगर किसी को भी अपने आसपास बाल विवाह के बारे में पता चले तो तुरन्त संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी, 181, व डायल 112 में सूचित करें। इसके साथ-साथ सभी बैंकेट हॉल के मालिक, धार्मिक संस्थान, हलवाइयों, प्रिंटरस व पंडितों से भी अनुरोध है कि वो शादी से पहले शादी होने वाले जोड़े की आयु की पड़ताल जरूर करें।